# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

**दिनांक 22.10.2024 मंगलवार को अपराह्न 02:00 बजे महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ परिसर के सभागार में आयोजित कार्य परिषद की 14वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

**बैठक की उपस्थितिः–**

बैठक में सम्मानित सभी सदस्यों द्वारा भौतिक रूप से प्रतिभाग किया गया। उपस्थिति निम्नवत् है–

| क्रं. | नाम | पद व सम्बद्धता/पता | कार्य परिषद में दायित्व |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा | कुलपति, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 प्रेमचन्द यादव | प्राचार्य, डी0ए0वी0 पी0जी0 कालेज, आजमगढ़ | सदस्य |
| 3. | प्रो0 शर्वेश पाण्डेय | प्राचार्य, डी0सी0एस0के0 पी0जी0 कालेज, मऊ | सदस्य |
| 4. | प्रो0 बृजेश कुमार | प्राचार्य, श्री दुर्गा जी पी0जी0 कालेज, चण्डेश्वर, आजमगढ़ | सदस्य |
| 5. | प्रो0 जय सिंह | प्राचार्य, राजकीय महिला पी0जी0 कालेज, अम्बारी, आजमगढ़ | सदस्य |
| 6. | श्री श्रीचन्द शर्मा | एम0एल0सी0 (अध्यापक) मेरठ–सहारनपुर खण्ड, उ0प्र0 विधान परिषद्, लखनऊ | सदस्य |
| 7. | प्रो0 ऋषिकेश सिंह | प्राचार्य, श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय पी0जी0 कालेज, लालगंज, आजमगढ़ | सदस्य |
| 8. | श्री जग नारायण झा | वित्त अधिकारी, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | विशेष आमंत्रित |
| 9. | श्री विशेश्वर प्रसाद | कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ | सचिव |

मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ की गई। कुलसचिव द्वारा सभी सदस्यों को बैठक की सूचना (पत्रांक– 4701/कु0का0/2024, दिनांक 18.10.2024) व कार्यसूची ई–मेल/व्हाट्सएप तथा फोन के माध्यम से बैठक से पूर्व उपलब्ध करा दी गई थी। कुलसचिव द्वारा मदवार कार्यसूची पढ़ी गई जिस पर कार्य परिषद द्वारा समुचित विचारोपरान्त निर्णय लिए गए।

**मद सं0 1–** दिनांक 07.10.2024 को सम्पन्न हुई कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–1)**।

**निर्णय–** कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक दिनांक 07.10.2024 के बिन्दु संख्या– 2(ग) में प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्व आदि के सम्बंध में छात्रों, शिक्षकों, शोधार्थियों, बुद्धिजीवियों, एवं समाज को भिज्ञ, जागृत एवं प्रेरित करने एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की भावना के दृष्टिगत विश्वविद्यालय परिसर में **"प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा पार्क"** की स्थापना हेतु कार्य परिषद द्वारा अवलोकन कर विचारोपरान्त

सर्वसम्मति से अनुमति प्रदान की गई थी। परन्तु कार्य परिषद के सम्मानित सदस्यों द्वारा पुनः विचार करते हुए कि ''प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा पार्क'' में **''पार्क''** अग्रेंजी शब्द है जिसका हिन्दी शब्द **''विथिका''** उचित है। इसी प्रकार ''महारानी अहिल्या बाई होलकर'' नाम के स्थान पर विचारोपरान्त ''रानी अहिल्या देवी होलकर'' उचित माना गया। इस संशोधन के साथ ''प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा विथिका एवं '' ''रानी अहिल्या देवी होलकर'' के संशोधन के साथ कार्य परिषद की बैठक दिनांक 07.10.2024 के निर्णयों का विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टीकरण किया गया।

सूच्य है कि दिनांक 29.08.2024 को सम्पन्न हुई कार्य परिषद की 13वीं बैठक व दिनांक 20.09.2024 को आयोजित कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक के कार्यवृत्तों का सम्पुष्टिकरण किया जाना छूट गया था जिसको सभा पटल पर कार्य परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने के उपरान्त अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 2–** दिनांक 21.10.2024 को सम्पन्न हुई विद्वत परिषद की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर सम्पुष्टि किया जाना। कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–2)**।

**निर्णय–** कार्य परिषद द्वारा दिनांक 21.10.2024 को सम्पन्न हुई विद्वत परिषद की बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन कर विचारोपरान्त सर्वसम्मति से सम्पुष्टीकरण किया गया।

**मद सं0 3–** महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ परिसर में संचालित विषयों/पाठ्यक्रमों में साक्षात्कार के उपरान्त चयनित अतिथि प्रवक्ताओं का पैनल विषयवार तैयार करके पत्र (पत्रांक– 4710/कु0का0/2024, दिनांक 19.10.2024) निर्गत कर दिया गया है। कृपया सूचनार्थ एवं अंकितार्थ। प्रति संलग्न है **(परिशिष्ट–3)**।

यह भी सूच्य है कि प्रबन्ध एवं व्यवसाय प्रशासन विषय में चयन समिति द्वारा यह भी संस्तुति की गई है कि उक्त विषय हेतु चयनित अतिथि प्रवक्ता एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट विषय/पाठ्यक्रम में भी सम्बन्धित विषय/पेपर की कक्षाएं ले सकते हैं। ऐसी परिस्थितियों में उन अतिथि प्रवक्ताओं के दूसरे विषय/पाठ्यक्रम में ली गई कक्षाओं (सैद्धान्तिक/प्रयोगात्मक) के सापेक्ष प्राप्त भुगतान को एक विषय में एक अतिथि प्रवक्ता पर लागू प्रतिमाह अधिकतम धनराशि रू0 40,000/– में सम्मिलित नहीं माना जाएगा। यदि अन्य अन्तर–विषयों में भी इस प्रकार पठन–पाठन सम्यक हो तो वहां भी यह शर्त लागू की जा सकती है। कार्य परिषद के विचारार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय–** कार्य परिषद द्वारा पत्रांक 4710/कु0का0/2024, दिनांक 19.10.2024 का अवलोकन कर अंकित किया गया तथा अतिथि प्रवक्ताओं हेतु प्रतिमाह अधिकतम धनराशि रू0 40,000/– के सम्बन्ध में विचारोपरान्त सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अतिथि प्रवक्ता उपरोक्तवत कक्षाएं ले सकते हैं। परन्तु उक्तवत अन्तर–विषयक/पाठ्यक्रम कक्षाएं लेने पर अतिथि प्रवक्ता की लागू प्रतिमाह अधिकतम धनराशि (मूल विभाग/पाठ्यक्रम व अन्य सम्बन्धित विभाग/पाठ्यक्रम को जोड़कर) रू0 50,000/– से अधिक न हो।

**अन्य बिन्दु मा0 कुलपति जी की अनुमति से सभा पटल पर–**

**बिन्दु सं0– 1** कार्य परिषद अवगत हुई कि विश्वविद्यालय के अवकाश सूची में दीपावली अवकाश 31 अक्टूबर 2024 से 04 नवम्बर 2024 तक घोषित किया गया है। जिसमें धनतेरस की छुट्टी सम्मिलित नहीं है। कार्य परिषद द्वारा शिक्षकों व कर्मचारियों की मांग के दृष्टिगत विचारोपरान्त सर्वसम्मति से 30 अक्टूबर 2024 को अवकाश घोषित करने की संस्तुति की गई।

**बिन्दु सं0– 2** विश्वविद्यालय के कार्यालय टीप दिनांक 22.10.2024 के आलोक में **'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद'** व **'भारतीय शिक्षण मण्डल'** द्वारा मा0 कुलपति जी को प्रेषित पत्र क्रमशः दिनांक 06 अक्टूबर 2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि **'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद'** विद्यार्थियों के मध्य कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसका **70वां राष्ट्रीय अधिवेशन** दिनांक 22 नवम्बर से 24 नवम्बर 2024 तक गोरखपुर जनपद में आयोजित हो रहा है। इस अधिवेशन में भारत के कई राज्यों के बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएँ, शिक्षक तथा बुद्धजीवी प्रतिभाग करेंगे। उक्त अवसर पर 'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्' की पत्रिका **'स्मृति मंजुषा'**, **'विद्यार्थी कल्याण न्यास'** एवं **'विद्यार्थी निधि ट्रस्ट'** की स्मारिका प्रकाशित की जा रही है। पत्रिका में विश्वविद्यालय से विज्ञापन हेतु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आग्रह भी किया गया है (प्रति संलग्न है)। उक्त प्रत्येक पत्रिकाओं में विज्ञापन शुल्क निम्नवत है–

- आवरण (कवर) पृष्ठ (पीछे) 4 कलर – विशेष माँग पर
- आवरण (कवर) पृष्ठ (गेट फोल्ड) 4 कलर – विशेष माँग पर
- आवरण (कवर) पृष्ठ (भीतर) 4 कलर – 10 लाख
- विशेष मध्य पृष्ठ (सैन्ट्रल स्प्रेड) 4 कलर – 05 लाख

- विशेष पृष्ठ (स्पेशल पेज) 4 कलर – 02 लाख
- पूर्ण पृष्ठ – 01 लाख
- पूर्ण पृष्ठ (आर्ट पेपर) – 75 हजार

नवस्थापित महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ को अखिल भारतीय स्तर पर छात्रों/शिक्षकों/बुद्धजीवियों/संभ्रान्त व्यक्तियों/समाज में प्रचार–प्रसार हेतु विज्ञापन दिये जाने पर विचार किया जाना समीचीन होगा।

कृपया 'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्' की पत्रिका **'स्मृति मंजुषा', 'विद्यार्थी कल्याण न्यास'** एवं **'विद्यार्थी निधि ट्रस्ट'** में से प्रत्येक अथवा किसी एक पत्रिका में उपर्युक्त दरों का अवलोकन करते हुए यदि उपयुक्त समझें तो, यथोचित पृष्ठ पर विश्वविद्यालय से विज्ञापन दिए जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करना चाहें।

इसी प्रकार विश्वविद्यालय की अन्य कार्यालय टीप दिनांक 22.10.2024 के क्रम में– **'भारतीय शिक्षण मण्डल'** द्वारा माननीय कुलपति जी को प्रेषित पत्र दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि **'भारतीय शिक्षण मण्डल'** एक राष्ट्रीय वैचारिक एवं शैक्षिक संगठन है। **'भारतीय शिक्षण मण्डल'** के युवा आयाम द्वारा **'विजन फार विकसित भारत' (विविभा 2024)** का राष्ट्रीय स्तर के शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15 नवम्बर से 17 नवम्बर, 2024 तक एस. जी.टी. विश्वविद्यालय, गुरूग्राम, हरियाणा में आयोजित हो रहा है। इस प्रतियोगिता में भारत के कई राज्यों के हजारों की संख्या में छात्र/छात्राएँ, शिक्षक तथा बुद्धजीवी प्रतिभाग करेंगे। उक्त अवसर पर **'भारतीय शिक्षण मण्डल'** द्वारा प्रदर्शनी आयोजन एवं स्मारिका प्रकाशित की जा रही है। विश्वविद्यालय से विज्ञापन हेतु 'भारतीय शिक्षण मण्डल' द्वारा आग्रह भी किया गया है (प्रति संलग्न है)। उक्त **स्मारिका** में विज्ञापन शुल्क निम्नवत है–

- रंगीन कवर पृष्ठ (भीतर) – 1.75 लाख
- रंगीन कवर पृष्ठ (पीछे) – 02 लाख
- रंगीन पृष्ठ (मध्य) – 1.5 लाख
- पूर्ण पृष्ठ (सादा) – 01 लाख
- अर्ध पृष्ठ (सादा) – 50 हजार
- एक चौथाई पृष्ठ – 25 हजार

नवस्थापित महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ को अखिल भारतीय स्तर पर छात्रों/शिक्षकों/बुद्धजीवियों/संभ्रान्त व्यक्तियों/समाज में प्रचार–प्रसार हेतु विज्ञापन दिये जाने पर विचार किया जाना समीचीन होगा।

कृपया '**भारतीय शिक्षण मण्डल**' की स्मारिका में उपर्युक्त दरों का अवलोकन करते हुए यदि उपयुक्त समझें तो, यथोचित पृष्ठ पर विश्वविद्यालय से विज्ञापन दिए जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करना चाहें।

जिस पर कार्य परिषद द्वारा गहन विचार–विमर्श करते हुए 'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्' की पत्रिका **'स्मृति मंजुषा'** में विशेष पृष्ठ (स्पेशल पेज) 4 कलर – 02 लाख तथा **'भारतीय शिक्षण मण्डल'** की **'स्मारिका'** में रंगीन कवर पृष्ठ (भीतर) – 1.75 लाख का विज्ञापन दिए जाने हेतु विश्वविद्यालय हित में सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। उक्त व्यय विश्वविद्यालय के स्वयं के स्रोतों से वहन किया जायेगा।

**बिन्दु सं0– 3**

शासनादेश संख्या– 62 मा0मु0/सत्तर–3–2024, दिनांक 05 सितम्बर 2024 द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 11.08.2024 को सम्पन्न उक्त समीक्षा बैठक एवं प्रस्तुतीकरण में हुई चर्चा तथा मा0 मुख्यमंत्री जी के दिशा–निर्देश विषयक कार्यवृत्त उपलब्ध कराया गया है जिसमें महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में सदी के महान साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन के नाम से शोध पीठ की स्थापना की जाय, जिससे साहित्य जगत में उनके व्यक्तित्व–कृतित्व पर शोध अध्ययन के लिए युवाओं को उचित मंच प्रदान होने के साथ–साथ उनकी उपलब्धियां से आम जनमानस को परिचित कराया जा सके।

इसी क्रम में महापंडित राहुल सांकृत्यायन शोध पीठ की स्थापना हेतु मा0 कुलपति जी के पत्र संख्या 175/कु0कार्या0/2024/वी0सी0, दिनांक 10.09.2024 के क्रम में शासन के पत्र संख्या 1022/सत्तर–4–2024 दिनांक 10 अक्टूबर, 2024 द्वारा उक्त शोध पीठ की स्थापना हेतु निम्न बिन्दुओं पर आख्या उपलब्ध कराने का निदेश हुआ–

1. शोध पीठ का संचालन किस प्रकार किया जायेगा तथा शोध पीठ की स्थापना पर कितना वित्तीय व्ययभार सम्भावित है, इसका पूर्ण विवरण।
2. शोध पीठ के संचालन की नियमावली।
3. विश्वविद्यालय में प्रश्नगत शोध पीठ की स्थापना किये जाने के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय की कार्य परिषद का अनुमोदन प्राप्त है अथवा नहीं।

4. शोध पीठ की स्थापना हेतु भवन, शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उपलब्धता।

कार्य परिषद द्वारा सर्वसम्मति से उपरोक्त निर्देशों के आलोक में उक्त शोध पीठ की स्थापना हेतु शासन को विस्तृत प्रस्ताव भेजे जाने पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान की।

अन्त में मा0 कुलपति जी की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं समस्त कार्य परिषद सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक का समापन किया गया।

**(विशेश्वर प्रसाद)**
कुलसचिव एवं सचिव–कार्य परिषद

**(प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा)**
मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष–कार्य परिषद

# दिनांक 22 अक्टूबर 2024 को अपराह्न 02:00 बजे सम्पन्न हुई "कार्यपरिषद की 14वीं बैठक" में उपस्थित सम्मानित सदस्यों के हस्ताक्षर :-

| क्र० | नाम | पद | मो० न० | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रो० प्रदीप कुमार शर्मा | कुलपति एवं अध्यक्ष-कार्यपरिषद | | [signature] 22.10.24 |
| 2. | प्रो० शर्विन्द्र पाण्डेय | प्राचार्य डी०सी०एस०के० पी०जी० कालेज, मऊ | 9415219227 | [signature] |
| 3. | प्रो० जयसिंह | प्राचार्य राजकीय म०महा०अम्बारी | 9369588140 | [signature] |
| 4. | प्रो० ऋषिकेश सिंह | प्राचार्य, श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय महाविद्यालय, लालगंज | 9415458774 | [signature] |
| 5. | Prof. Brajesh Kumar | Principal, SDJ. PG College Chandeshwar | 9450806087 | [signature] |
| 6. | Prof. Premchandra yadav | Principal D.A.V. PG College Azamgarh | 9919302289 | [signature] |
| 7. | Jagnarayan Jha. | F.O. | – | [signature] |
| 8. | Vishwakarma Prasad. | Registrar. | – | [signature] |
| 9. | श्री श्रीचन्द्र शर्मा | एन०एल०सी० अध्यापक, वर्तमान अनुपस्थित। | | |

[signature] 22.10.24

